(d) ट्रेड में बीड लगाना

CTET (I-V) 20/01/2023 (Shift-I)

Ans. (a) फुटबॉल को लात मारना सकल गतिक कौशल का उदाहरण है जबकि सुई पिरोना, लिखने के लिए पेंसिल पकड़ना, मनके को धागे में पिरोना सूक्ष्म गतिक कौशल का उदाहरण है।

सकल गतिक कौशल– इसमें शरीर की बड़ी मांसपेशियाँ शामिल होती है। उदाहरण–दैनिक शरीरिक गतिविधियाँ – चलना, दौड़ना, फेंकना, सकल गतिक कौशल की गतिविधियाँ है।

सूक्ष्म गतिक कौशल– इसमें शरीर की छोटी पेशियों के प्रयोग की आवश्यकता होती है। उदाहरण– किसी चीज को पकड़ना, लिखना, हाथ, कलाई, पैर की उंगलियों का प्रयोग करना शामिल हैं।

21. बौद्धिक क्षमताएँ जैसे कि कल्पना, समालोचनात्मक सोच और परासंज्ञान की चर्चा परोक्ष रूप से विकास के _____ क्षेत्र के अंतर्गत की जाती है।

(a) सामाजिक (b) शारीरिक
(c) नैतिक (d) संज्ञानात्मक

CTET (I-V) 23/01/2023 (Shift-I)

Ans. (d) बौद्धिक क्षमताएँ जैसे कि कल्पना, समालोचनात्मक चिंतन (सोच) और परासंज्ञान की चर्चा परोक्ष रूप से विकास के संज्ञानात्मक क्षेत्र के अंतर्गत की जाती है।

संज्ञानात्मक क्षेत्र- विकास का संज्ञानात्मक क्षेत्र जानकारी को मानसिक रूप से संसाधित करने की क्षमता को संदर्भित करता है। यह मनोविज्ञान की वह शाखा है जिसके अंतर्गत व्यक्ति की स्मरण क्षमता, निर्णय क्षमता, समस्या-समाधान कौशल, बुद्धि क्षमता और व्यवहार परिवर्तन आदि का अध्ययन किया जाता है। इसमें व्यक्ति के आंतरिक मन में चलने वाले विचारों का पता लगाया जा सकता है।

22. क्रांतिक अवधि के संप्रत्यय की क्या अवधारणा है?

(a) विकास के दौरान अपरिवर्तनीय क्षति।
(b) वातावरण का विकास पर कोई प्रभाव ना होना।
(c) आनुवंशिकता का विकास पर बहुत कम प्रभाव होना।
(d) पुरस्कारों का विकास के दौर पर नकारात्मक प्रभाव होना।

CTET (I-V) 24/01/2023 (Shift-I)

Ans. (a) विकास के दौरान अपरिवर्तनीय क्षति क्रान्तिक अवधि के संप्रत्यय की अवधारणा है।

क्रान्तिक अवधि - सभी व्यक्तियों के लिए सीखने की एक महत्वपूर्ण समय अवधि होती है, यह महत्वपूर्ण अवधि आमतौर पर लगभग 2 वर्ष की उम्र में प्रारंभ होती है, यदि किसी व्यक्ति को इस अवधि के दौरान सही पर्यावरणीय प्रोत्साहन नहीं मिलता है, तो नए कौशल सीखने की उनकी क्षमता कमजोर हो जाएगी जिससे बाद के जीवन में बहुत से सामाजिक कार्य प्रभावित होते है।

23. _________ स्थूल गत्यात्मक कौशल का उदाहरण है।

(a) भागना (b) पकड़ना
(c) आड़ी-तिरछी रेखाएँ खींचना (d) निचोड़ना

CTET (I-V) 25/01/2023 (Shift-I)

Ans. (a) : स्थूल गत्यात्मक कौशल, वे बड़ी गतिविधियाँ व क्रियाएँ हैं, जो शिशु अपनी बाजुओं, पैरों या पूरे शरीर के जरिए करते हैं। घुटनों के बल चलना, खड़े होकर चलना, दौड़ना, कूदना और भागना स्थूल गत्यात्मक कौशल के उदाहरण हैं। जबकि सूक्ष्म गत्यात्मक कौशल, वे छोटी गतिविधियाँ व क्रियाएँ हैं जो शिशु अपनी छोटी मांसपेशियों के जरिए करते है। कलाई पैरों की उंगलियाँ, किसी चींज को पकड़ना या उठाना, लिखना, सुई में धागा पिरोना आदि इसके उदाहरण है।

24. एक पेंसिल को पकड़ना ______ कौशल का उदाहरण है जबकि फुटबाल को धकेलना ______ कौशल का उदाहरण है।

(a) सूक्ष्म गतिक, सकल गतिक (b) सामाजिक, भावनात्मक
(c) सकल गतिक, सूक्ष्म गतिक (d) भावनात्मक, सामाजिक

CTET (I-V) 27/01/2023 (Shift-I)

Ans. (a) एक पेन्सिल को पकड़ना सूक्ष्म गतिक कौशल (fine motor skill) का उदाहरण है जबकि फुटबाल को धकेलना सकल गतिक कौशल (Gross Motor skill) का उदाहरण है।

<u>सूक्ष्म गतिक कौशल</u> (Fine motor skill)→ सूक्ष्म गतिक कौशल वह होता है जिसमें कोई बच्चा या शिशु छोटी-छोटी गतिविधियों को अंजाम देता है। जैसे- उंगली और अंगूठे का इस्तेमाल करके कुछ बताता या खेलता है।

<u>सकल गतिक कौशल</u> (Gross motor skill) → ये वे बड़ी गतिविधियाँ व क्रियाएँ है जो शिशु अपनी बाजुओं, टांगों, पैरों या पूरे शरीर के जरिये करते हैं। जैसे- घुटनों के बल चलना, खड़े होकर चलना, दौड़ना और कूदना ग्रॉस मोटर कौशल के उदाहरण हैं।

25. **कथन (A)**

अभिभावकों को बाल्यावस्था देखभाल से संबंधित चर्चा में शामिल करना चाहिए।

तर्क (R)

बाल विकास पारिवारिक परिवेश से प्रभावित होता है।

सही विकल्प चुनें:

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है लेकिन (R) गलत है।
(d) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

CTET (I-V) 28/01/2023 (Shift-I)

Ans. (a) अभिभावकों को बाल्यावस्था देखभाल से संबंधित चर्चा में शामिल करना चाहिए जिससे कि वे बच्चे की कमियों, रुचियों व आवश्यकताओं को जानें तथा उसके अनुसार समाधान व अनुकूल सामग्री उपलब्ध करा सकें जिससे कि ऐसे परिवेश का निर्माण कर सकें जिसमें बालक का अर्थपूर्ण अधिगम हो सके क्योंकि बाल विकास पारिवारिक परिवेश से प्रभावित होता है। अतः (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

26. **हालाँकि विकास के विभिन्न क्षेत्र विद्यार्थियों की योग्यताओं का वर्णन करते हुए पारस्परिकता करते हैं, फिर भी निम्न में से विकास का कौन-सा क्षेत्र मुख्य रूप से व्यक्तियों के अपने और दुसरों के कार्यों और व्यवहारों पर तर्क की प्रवृत्ति का अध्ययन करता है?**

(a) भाषा विकास (b) नैतिक विकास
(c) शारीरिक विकास (d) सांस्कृतिक विकास

CTET (I-V) 28/01/2023 (Shift-I)

Ans. (b) हालांकि विकास के विभिन्न क्षेत्र विद्यार्थियों की योग्यताओं का वर्णन करते हुए पारस्परिकता करते हैं, फिर भी नैतिक विकास का क्षेत्र मुख्य रूप से व्यक्तियों के अपने और दूसरों के कार्यों और व्यवहारों पर तर्क की प्रवृत्ति का अध्ययन करता है। नैतिक विकास का अर्थ है- सही और गलत उचित और अनुचित के बीच अंतर करना सीखना। नैतिक विकास सामाजिक अपेक्षाओं तथा मानदंडों से प्रभावित होता है। इसमें एक व्यक्ति इस आधार पर निर्णय लेता है कि उनके पारस्परिक संबंधों को कैसे प्रभावित करेगा।

27. **यद्यपि विकास के क्षेत्रों का कुछ आयामों में परस्पर व्यापन होता है, तथापि निम्नलिखित में से विकास का कौन-सा क्षेत्र विशिष्ट रूप से स्वयं एवं दूसरों के बारे में 'भावनाओं' की प्रगति अनुक्रम का अध्ययन करता हैं?**

(a) नैतिक विकास (b) भाषा विकास
(c) शारीरिक विकास (d) संवेगात्मक विकास

CTET (I-V) 30/01/2023 (Shift-I)

Ans. (d) : यद्यपि विकास के क्षेत्रों का कुछ आयामों में परस्पर व्यापन होता है,तथापि संवेगात्मक विकास का क्षेत्र विशिष्ट रूप से स्वयं एवं दूसरों के बारे में 'भावनाओं' की प्रगति अनुक्रम का अध्ययन करता है। संवेगात्मक भावनात्मक विकास की शुरूआत हमारी अपनी भावनाओं को पहचानने और व्यक्त करने से होती हैं। जब हम अपनी भावनाओं को जान कर और उन्हें स्वीकार कर सकते हैं, तो हम उन्हें प्रबंधित करना और यह पहचानना सीख सकते है कि दूसरे लोग क्या महसूस कर रहे हैं। यह आत्म-नियंत्रण और सहानुभूति की नींव हैं, दोनों ही हमारे समाज के सफल कामकाज के लिए महत्वपूर्ण हैं।

28. **हालाँकि विकास के क्षेत्र एक-दूसरे से संबंधित होते हैं फिर भी बौद्धिक क्षमताएँ जैसे कि तार्किक विचार इत्यादि को विकास के किस क्षेत्र के अंतर्गत सापेक्ष रूप से पढ़ा जाता है ?**

(a) भावनात्मक (b) शारीरिक
(c) संज्ञानात्मक (d) सामाजिक

CTET (I-V) 02/02/2023 (Shift-I)

Ans. (c) : विकास का संज्ञानात्मक क्षेत्र बौद्धिक क्षमताओं जैसे ध्यान, स्मृति, समस्या-समाधान, कल्पना और सृजनात्मकता से संबंधित है।

- यह किसी समस्या को समझने, सीखने, तर्क करने, सोचने और समझने की क्षमता के विकास को संदर्भित करता है।
- एक बच्चे को जितने अधिक अवसर मिलते हैं उसका संज्ञान उतना ही बेहतर होता है क्योंकि वह इन अवसरों से सीखकर अपनी मानसिक क्षमताओं को जोड़ सकता है।

अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि विकास का संज्ञानात्मक क्षेत्र ध्यान, स्मृति, समस्या-समाधान, कल्पना और सृजनात्मकता जैसी बौद्धिक क्षमताओं से संबंधित है।

29. **विकास निम्न में से किस पर निर्भर है?**

(i) आनुवंशिक प्रवृत्तियाँ
(ii) सामाजिक-सांस्कृतिक प्रथाओं
(iii) भौतिक वातावरण

(a) केवल (i) (b) केवल (i) और (ii)
(c) केवल (ii) और (iii) (d) (i), (ii) और (iii)

CTET (I-V) 03/02/2023 (Shift-I)

Ans. (d) : आनुवांशिक प्रवृत्तियाँ, सामाजिक सांस्कृतिक प्रथाओं, भौतिक वातावरण आदि विकास पर निर्भर है। इस प्रकार दिये गए सभी विकल्प सही है। विकास के स्वरूप एवं गति को अनेक कारक प्रभावित करते हैं। विकास की भिन्न-भिन्न अवस्थाओं पर एवं भिन्न-भिन्न पक्षों के लिए इन कारकों की महत्त्वूर्ण भूमिका रहती है। इन कारकों की वजह से वृद्धि एवं विकास की प्रक्रिया में पर्याप्त परिवर्तन आ जाता है। विकास को प्रभावित करने वाले कारकों को ध्यान में रखकर बालकों को सर्वांगीण विकास के लिए उपयुक्त परिस्थितियाँ तथा साधन प्रदान किये जा सकते हैं।

30. **मानवीय क्षमताएँ जैसे कि – बुद्धि, समस्या-समाधान और समालोचनात्मक चिंतन का सापेक्ष रूप से विकास के किस क्षेत्र के अंतर्गत अध्ययन किया जाता है?**

(a) शारीरिक (b) संवेगात्मक
(c) संज्ञानात्मक (d) नैतिक

CTET (I-V) 04/02/2023 (Shift-I)

Ans. (c) : मानवीय क्षमताएँ जैसे कि- बुद्धि, समस्या-समाधान और समालोचनात्मक चिंतन का सापेक्ष रूप से विकास के संज्ञानात्मक क्षेत्र के अंतर्गत अध्ययन किया जाता है। संज्ञानात्मक क्षेत्र के अन्तर्गत मानसिक क्रियाओं के द्वारा अधिगम को प्राप्त करते है। संज्ञान के अंतर्गत ज्ञान, संवेदना, समग्रता, विश्लेषण, संश्लेषण, मूल्यांकन, प्रत्यक्षीकरण, कल्पना, तर्क, चिंतन, अनुप्रयोग, स्मृति, बौद्धिक क्षमता इत्यादि आते हैं। संज्ञान एक मानसिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से कोई व्यक्ति –

- जानकारी को प्राप्त करता है।
- समस्या का हल निकालता है।
- चितंन एवं तर्क करता है।
- दो वस्तुओं के बीच विभेद करता है।
- संकल्पना को याद करता है।
- यह विकास की प्रक्रिया व्यक्तिगत होती है।
- संज्ञानात्मक विकास से बालक में सीखने की क्षमता बढ़ती है।
- संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का विकास शैशवावस्था से पहले ही प्रारम्भ हो जाता है।

31. अनेक स्थितियों में, विकास के विभिन्न क्षेत्र मानवीय क्षमताओं की व्याख्या करने में परस्पर प्रतिच्छेद करते हैं, तथापि विकास का कौन-सा क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से बौद्धिक योग्यताओं जैसे कि समस्या-समाधान, समालोचनात्मक चिन्तन और तार्किकता की स्पष्टतया चर्चा करता है?

(a) शारीरिक (b) गत्यात्मक
(c) सामाजिक (d) संज्ञानात्मक

CTET (I-V) 06/02/2023 (Shift-I)

Ans. (d) : अनेक स्थितियों में, विकास के विभिन्न क्षेत्र मानवीय क्षमताओं की व्याख्या करने में परस्पर प्रतिच्छेद करते है, तथापि विकास का 'संज्ञानात्मक' क्षेत्र प्रत्यक्ष रूप से बौद्धिक योग्यताओं जैसे कि समस्या–समाधान, समालोचनात्मक चिंतन और तार्किकता की स्पष्टतयाः चर्चा करता है। संज्ञानात्मक विकास से तात्पर्य बालक की मानसिक क्षमताओं (बुद्धि, चेतना, विचार तथा समस्या समाधान) के विकास से होता है जो शैशवावस्था से ही प्रारंभ हो जाता है। यह एक सतत् विकासात्मक प्रक्रिया है।

32. चालक विकास की दर में व्यक्तिगत विविधताएँ होती हैं, फिर भी चालक विकास का क्रम ..... से .....तक है–

(a) अधोगामी, शीर्षगामी
(b) अपरिष्कृत (स्थूल) चालक विकास; परिष्कृत (सूक्ष्म) चालक विकास
(c) परिष्कृत (सूक्ष्म) चालक विकास; अपरिष्कृत (स्थूल) चालक विकास
(d) शीर्षगामी; अधोगामी

CTET (I-V) 07/06/2019

Ans. (b) चालक विकास की दर में व्यक्तिगत विविधताएँ होती हैं, फिर भी चालक विकास का क्रम अपरिष्कृत (स्थूल) चालक विकास से परिष्कृत (सूक्ष्म) चालक विकास तक है। सर्वप्रथम स्थूल चालक विकास के फलस्वरूप बच्चे शारीरिक गतिविधियों का नियंत्रण एवं समन्वय सीखते हैं, जिससे वे गतिविधियों को कर पाने में, शारीरिक संतुलन, गति एवं नियंत्रण कर पाने में समर्थ हो पाते हैं। जैसे– चलना, दौड़ना, कूदना और पैरों से प्रहार करना आदि। उसके बाद सूक्ष्म चालक विकास के फलस्वरूप बालक अपने संसार के बारे में सीखने के विभिन्न प्रयासों में वस्तुओं को उठाने, पकड़ने और जाँच परख करने की क्रियाएँ सीखते हैं। यही कारण है कि चालक विकास की दर में व्यक्तिगत विविधताएँ होते हुए भी क्रम स्थूल से सूक्ष्म विकास की ओर होता है।

33. वह अवधि जो वयस्कता के संक्रमण की पहल करती है, उसे क्या कहते हैं–

(a) मध्य बाल्यावस्था (b) पूर्व-क्रियात्मक अवधि
(c) बाल्यावस्था की समाप्ति (d) किशोरावस्था

CTET (I-V) 07/06/2019

Ans. (d) वह अवधि जो वयस्कता के संक्रमण की पहल करती है उसे किशोरावस्था कहते हैं। इस अवस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा प्रौढ़ावस्था (वयस्कता) के बीच का संक्रमण काल होने के कारण इसे जीवन का सर्वाधिक कठिन काल माना जाता है। इस अवधि में बालक दोनों ही अवस्थाओं में रहता है। न तो उसे बालक ही समझा जाता है और न ही प्रौढ़ के रूप में स्वीकृति मिलती है। किशोरावस्था वह अवस्था है जिसमें बालक परिपक्वता की ओर अग्रसर होता है तथा जिसकी समाप्ति पर वह पूर्ण परिपक्व व्यक्ति (वयस्क व्यक्ति) बन जाता है।

34. निम्नलिखित में से कौन विकास के व्यापक आयामों की सही पहचान करता है?

(a) संवेगात्मक, बौद्धिक, आध्यात्मिक एवं स्व
(b) शारीरिक, व्यक्तित्व, आध्यात्मिक एवं संवेगात्मक
(c) सामाजिक, शारीरिक, व्यक्तित्व, स्व
(d) शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और संवेगात्मक

CTET (I-V) 07/06/2019

Ans. (d) विकास की विभिन्न अवस्थाओं में बालक-बालिकाओं के व्यवहार में विभिन्न प्रकार के अनेकानेक परिवर्तन होते हैं। बालक-बालिकाओं के व्यवहार में होने वाले परिवर्तनों के आधार पर विकास को अग्रांकित आयामों में विभक्त किया जा सकता है–

- शारीरिक विकास
- मानसिक विकास
- सामाजिक विकास
- संवेगात्मक विकास
- नैतिक विकास

35. जन्म से किशोरावस्था तक बच्चों में विकास किस क्रम में होता है?

(a) मूर्त, अमूर्त, सांवेदिक (b) अमूर्त, मूर्त, सांवेदिक
(c) सांवेदिक, मूर्त, अमूर्त (d) अमूर्त, सांवेदिक, मूर्त

CTET (I-V) 31/01/2021

Ans. (c) : जन्म से किशोरावस्था तक बच्चों में विकास क्रम सांवेदिक, मूर्त और अमूर्त के रूप में होता है। पियाजे ने स्पष्ट करते हुए इसे चार भागों में विभक्त किया है-

1. सांवेदिक चरण या संवेदी-पेशीय अवस्था (जन्म से 2 वर्ष तक)
2. प्राक संक्रियात्मक अवस्था (2-7 वर्ष तक)
3. मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (7-11 या 12 वर्ष तक)
4. अमूर्त या औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था (11-15 वर्ष तक)

इस प्रकार जन्म से किशोरावस्था तक बच्चों का विकास क्रम निम्न प्रकार से होता है-

सांवेदिक चरण→पूर्व-संक्रियात्मक चरण→मूर्त चरण→अमूर्त चरण

36. विकास के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

(a) विकास केवल बाल्यावस्था के दौरान ही होता है।
(b) विकास बहुआयामी होता है।
(c) विकास की दर, सभी संस्कृतियों में सभी के लिए समान होती हैं।
(d) विकास केवल विद्यालय में होने वाले अधिगम से ही होता है।

CTET (I-V) 31/01/2021

Ans. (b) : विकास बहुआयामी होता है। यहाँ बहुआयामी से तात्पर्य विकास के विभिन्न पक्षों, विभिन्न अवस्थाओं और विकास के विभिन्न सिद्धान्तों से है। बालक का विकास जीवन पर्यन्त चलता रहता है और यह विभिन्न पक्षों में होता है, जैसे- शारीरिक पक्ष, मानसिक पक्ष, सामाजिक पक्ष, संवेगात्मक पक्ष आदि। इसी प्रकार विकास के सिद्धान्त के अनुसार बालक का विकास निकट से दूर की ओर, सिर से पैर की ओर तथा केन्द्र से बाहर की ओर भी होता है। यही कारण है कि विकास को बहुआयामी माना जाता है।

37. निम्नलिखित अवधि में से किसमें शारीरिक वृद्धि एवं विकास तीव्र गति से घटित होता है?

(a) मध्य बाल्यावस्था एवं किशोरावस्था
(b) किशोरावस्था एवं वयस्कता
(c) शैशवावस्था एवं प्रारंभिक बाल्यावस्था
(d) प्रारंभिक बाल्यावस्था एवं मध्य बाल्यावस्था

CTET (I-V) 08/12/2019

Ans. (c) शैशवावस्था एवं प्रारम्भिक बाल्यावस्था में शारीरिक वृद्धि एवं विकास तीव्र गति से घटित होता है। शैशवावस्था में विशेषकर जन्म से लेकर तीन वर्ष की आयु होने के दौरान शारीरिक विकास की गति अत्यन्त तीव्र रहती है। इसी प्रकार बाल्यवस्था के प्रथम तीन वर्षो के दौरान अर्थात् 6–9 वर्ष की आयु तक शारीरिक विकास अधिक तीव्र गति से होता है। बाद के तीन वर्षों में शारीरिक विकास की गति कुछ धीमी हो जाती है।

(ii) बालक के विकास के सिद्धांत

38. विकास के संदर्भ में, समय सीमा जिसमें एक व्यक्ति विशिष्ट उत्प्रेरणाओं के प्रति परिवर्धित संवेदनशीलता रखता है जिससे कि वह कुशल तरीके से कार्य करने के लिए विशेष कौशल विकसित कर सके, वह विकास की _______ कहलाई जाती है।

(a) प्रोत्साहन अवधि (b) उत्प्रेरक अवधि
(c) चुनौतीपूर्ण अवधि (d) कूटलेखन/एन्कोडिंग अवधि

CTET (1-V) 14/12/2024

Ans. (c) : विकास के संदर्भ में, एक समय सीमा जिसमें एक व्यक्ति विशिष्ट उत्प्रेरणाओं के प्रति परिवर्धित संवेदनशीलता रखता है जिससे कि वह कुशल तरीके से कार्य करने के लिए विशेष कौशल विकसित कर सके, वह विकास की चुनौतीपूर्ण अवधि कहलाई जाती है।

चुनौतीपूर्ण अवधि– विकास के संदर्भ में चुनौतीपूर्ण अवधि वह समय सीमा होती है जब एक व्यक्ति विशिष्ट उत्प्रेरणाओं के प्रति अधिक संवेदनशील होता है, जिससे वह कुशलतापूर्वक विशेष कौशलों को विकसित कर सकता है।

39. अधिकथन (A) : 5-6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को 'ठीक से' और 6 रेखाओं के भीतर' लिखने के लिए दबाव नहीं डाला चाहिए।

कारण (R) : बच्चे 5-6 साल के बाद गतिक कौशल का बेहतर नियंत्रण प्राप्त करते हैं।

सही विकल्प चुनें:

(a) (A) सही है लेकिन (R) गलत है
(b) (A) और (R) दोनों गलत हैं।
(c) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(d) (A) और (R) दोनों सही हैं लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

CTET (1-V) 14/12/2024

Ans. (c) : अभिकथन (A) : 5-6 साल के कम उम्र के बच्चों को 'ठीक से' और 'रेखाओं के भीतर' लिखने के लिए दबाव नहीं डालना चाहिए। यह अभिकथन सही है, क्योंकि 5-6 साल से कम उम्र के बच्चों में मोटर स्किल्स अभी विकसित हो रही होती है। उन पर लिखने के लिए दबाव डालना उनके विकास को बाधित कर सकता है।

कारण (R) : बच्चे 5-6 साल के बाद ही गतिक कौशल का बेहतर नियंत्रण प्राप्त करते हैं। यह उम्र उनके लिए लिखना सीखने के लिए अधिक उपयुक्त होती है।

40. निम्नलिखित में से कौन सा कथन विकास के 'समीप - दूराभिमुख' सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करता है?

(a) विकास बहु-दिशात्मक और बहु-आयामी होता है।
(b) अलग-अलग संस्कृतियों में रहने वाले हमशक्ल जुड़वा अलग-अलग दरों से विकसित हो सकते हैं।
(c) मोतियों को धागे में पिरोने से पहले बच्चे गेंद को पकड़ने की क्षमता विकसित करते हैं।
(d) बच्चों में खड़े होने से पहले बैठने की क्षमता का विकास होता है।

CTET (1-V) 14/12/2024

Ans. (c) : समीप-दूराभिमुख सिद्धांत (प्रॉक्सिमोडिस्टल) :- प्रॉक्सीमो का अर्थ है 'समीप या पास' और डिस्टल का 'दूर'। जन्मपूर्व 5 महीने से लेकर जन्म तक भ्रूण के शरीर का विकास 'अंदर' से 'बाहर' की ओर होने की प्रक्रिया को 'समीप-दूराभिमुख' विकास कहते हैं। इस नियम के अनुसार पहले पेट या छाती के क्षेत्र में विकास होगा, फिर बाँह में और अंत में अंगुलियों में।

इस प्रकार, मोतियों को धागे में पिरोने से पहले बच्चे गेंद को पकड़ने की क्षमता विकसित करते हैं। यह कथन विकास के 'समीप-दूराभिमुख' सिद्धांत का प्रतिनिधित्व करता है।

41. विकास के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) विकास के विभिन्न पहलू एक-दूसरे से स्वतंत्र होते हैं।
(b) विकास एक असतत प्रक्रिया है।
(c) विकास चक्रिय तरीके से होता है, रैखिक नहीं।
(d) विकास विशिष्ट से सामान्य की ओर बढ़ता है।

CTET (I-V) July, 2024

Ans. (c) : बच्चे द्वारा विकास में अपनाएं गए मार्ग सीधे और रैखिक नहीं होते है और किसी भी स्तर पर विकास निरंतर या स्थिर गति से कभी नहीं होता हैं।

* विकास सर्पिल/ चक्रिय तरीके से होता है, रैखिक नही

* बच्चा निरंतर गति से विकसित नहीं होता है, लेकिन वह एक चरण में आगे बढ़ता है और फिर अपने विकास को मजबूत करते के लिए अगले अवधि में आरम्भ करता है। इसलिए, वह पीछे मुड़ता है और फिर सर्पिल की तरह आगे बढ़ता हैं।

42. विकास के क्रम में, बच्चे सूक्ष्म पेशीय कौशल से पहले सकल पेशीय कौशल विकसित करते हैं। यह दर्शाता है कि विकास :

(a) अराजक (b) शीर्षगामी
(c) रेखीय (d) समीप-दूराभिमुख

CTET (I-V) 21/01/2024 (Shift-I)

Ans. (d) : विकास के क्रम में, बच्चे सूक्ष्म पेशीय कौशल से पहले सकल पेशीय कौशल विकसित करते हैं। यह विकास के समीप-दूराभिमुख सिद्धान्त को दर्शाता हैं।

- इसमें शरीर का मध्य भाग शरीर के बाहरी भाग की तुलना में जल्दी विकसित होता हैं।
- सबसे पहले, पूरे हाथ या पैर की गतियों को देखा जाता है, फिर कोहनी और घुटने के जोड़ को नियंत्रित किया जाता है, और अंत में उंगलियों की विशेष पहुँच को नियंत्रित किया जाता है।

43. समीपस्थ सिद्धान्त कहता है कि शैशवावस्था में :

(a) अंग-हाथों और पैरों की तुलना में तेजी से बढ़ते रहते हैं।
(b) विकास सिर से पाँव तक होता है।
(c) भाषा का विकास तेजी से होता है क्योंकि वह विकास के लिए संवेदनशील अवधि है।
(d) सूक्ष्म गतिक कौशल के विकास के साथ शारीरिक विकास तेजी से होता है।

CTET (I-V) 21/01/2024 (Shift-I)

Ans. (a) : मानव विकास शरीर के केंद्र से बाहर की ओर होता है। यह समीपस्थ विकास का सिद्धान्त है जो विकास की दिशा का भी वर्णन करता है। इसका मतलब यह है कि रीढ़ की हड्डी शरीर के बाहरी हिस्सों से पहले विकसित होती है। बच्चे की भुजाएँ एवं अंग हाथों और पैरों से पहले विकसित होते हैं और हाथ तथा पैर की उंगलियों और पैर की माँसपेशियों (ठीक मोटर निपुणता में प्रयुक्त) का विकास सबसे बाद में होता है।

44. भौतिक वृद्धि और विकास, विकास के ______ और ______ सिद्धांतों का पालन करते हैं।

(a) विभेदीकरण (सरल से जटिल);
एकीकरण (जटिल से सरल)
(b) एकीकरण (सरल से जटिल);
विभेदीकरण (जटिल से सरल)

(c) शीर्षगामी (अवरोही);
समीपस्थ (आंतरिक से बाहरी)
(d) समीपस्थ (अवरोही);
शीर्षगामी (आंतरिक से बाहरी)

CTET (I-V) 20/08/2023 (Shift-I)

Ans. (c) : भौतिक वृद्धि और विकास, विकास के शीर्षगामी (अवरोही) और समीपस्थ (आंतरिक से बाहरी) सिद्धान्तों का पालन करते हैं। शीर्षगामी (अवरोही) / मस्तकाधोमुखी विकास क्रम का अर्थ है कि सबसे पहले मस्तिष्क क्षेत्र फिर धड़ क्षेत्र तथा सबसे अंत में पैर क्षेत्र में शरीर के विभिन्न अंगों का विकास होता है। इसी प्रकार समीपस्थ (आंतरिक से बाहर) / निकट से दूर के नियम के अनुसार पहले केन्द्र में स्थित अंगों की रचना व नियंत्रण होता है। फिर केन्द्र से दूर स्थित अंगों की रचना व नियंत्रण होता है।

45. प्रारंभिक बाल्यावस्था में वृद्धि _______ और सोच _______ है, जबकि मध्य बाल्यावस्था में वृद्धि _______ और सोच _______ है।

(a) धीमी, तार्किक; स्थिर है, आत्मकेंद्रित
(b) धीमी, कुछ हद तक आत्मकेंद्रित; स्थिर है, तार्किक
(c) स्थिर है, कुछ हद तक आत्मकेंद्रित; धीमी, तार्किक
(d) स्थिर है, तार्किक; धीमा, आत्मकेंद्रित

CTET (I-V) 20/08/2023 (Shift-I)

Ans. (c) : प्रारंभिक बाल्यावस्था में वृद्धि स्थिर है और सोच कुछ हद तक आत्मकेंद्रित है, जबकि मध्य बालयावस्था में वृद्धि धीमी और सोच तार्किक है।

46. बच्चों के प्राथमिक वर्षों में विकास का क्रम-

(a) सरल से जटिल की तरफ होता है
(b) अमूर्त से मूर्त की तरफ होता है
(c) वैश्विक से स्थानिक की ओर होता है
(d) विशिष्ट से सामान्य की ओर होता है

CTET (I-V) 07/02/2023 (Shift-I)

Ans. (a) : विकास एक जीवन-पर्यन्त प्रक्रिया है, जो गर्भधारण से लेकर मृत्यु-पर्यन्त तक होती रहती है। बच्चों के प्राथमिक वर्षों में विकास का क्रम सरल से जटिल की तरफ होता है।
विकासात्मक परिवर्तन प्रायः व्यवस्थापरक, प्रगत्यात्मक और नियमित होते हैं। सामान्य से विशिष्ट, सरल से जटिल और एकीकृत से क्रियात्मक स्तरों की ओर अग्रसर होने के दौरान प्रायः यह एक पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

47. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन विकास के बारे में सही है?

(a) विकास पूरी तरह से अनिश्चित है।
(b) विकास अत्यधिक अनिरंतर है।
(c) व्यक्तियों की विकास दर में विभिन्नता पाई जाती है।
(d) विकास पैर से सिर की तरफ होता है।

CTET (I-V) 29/01/2023 (Shift-I)

Ans. (c) : व्यक्तियों की विकास दर में विभिन्नता पाई जाती है। यह कथन विकास के बारे में सही है। विकास एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है। विकास का यह क्रम मानव के गर्भावस्था से लेकर मृत्यु पर्यन्त तक चलता रहता है। विकास की एक निश्चित दिशा तथा एक निश्चित क्रम होता है। विकास सिर से पैर की तरह बढ़ता है। इसे मस्तिकाधोमुखी सिद्धान्त कहा जाता है। इसमें बच्चा चलना शुरू करने से पहले सिर पर नियंत्रण हासिल करता है।

48. बच्चों का विकास___से ___की ओर बढ़ता है।

(a) केन्द्र, बाह्य (b) पैर, सिर
(c) विशिष्ट, सामान्य (d) जटिल,सरल

CTET (I-V) 29/12/2022 (Shift-I)

Ans. (a) बच्चों का विकास केन्द्र से बाह्य की ओर बढ़ता है। विकास शरीर के केन्द्र से बाहर की ओर होता है। यह प्रोक्सीमोडिस्टल या अधोगामी विकास का सिद्धान्त है। इस सिद्धान्त के अनुसार, मानव विकास शरीर के केन्द्र (समीपस्थ क्षेत्र) से बाहरी शरीर के अंगों और छोरों (डिस्टल क्षेत्र) तक या निकट से दूर की ओर आगे बढ़ता है और विकास के शीर्षगामी सिद्धांत के अनुसार, विकास सिर से पैर की ओर आगे बढ़ता है।

49. बच्चों का विकास किस प्रकार से होता है?

(a) व्यवस्थित रूप से होता है परन्तु स्वाभाविक रूप से वैयक्तिक होता है।
(b) अव्यवस्थित रूप में, किसी विशिष्ट पल में अचानक से उभर आता है।
(c) पूरे विश्व में सभी बच्चों में एकसमान दर से होता है।
(d) केवल विद्यालयीकरण के परिणाम से होता है।

CTET (I-V) 09/01/2023 (Shift-I)

Ans. (a) बाल विकास एक बहुमुखी प्रक्रिया है जिसमें बालक का मानसिक व शारीरिक विकास होता है। बाल विकास के अंतर्गत बालकों में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संज्ञानात्मक, भाषागत तथा धार्मिक इत्यादि क्षेत्रों में विकास होता है। बाल विकास का सम्बंध गुणात्मक एवं परिमाणात्मक दोनों विकास से है। गुणात्मक विकास के अन्तर्गत कार्यकुशलता, ज्ञान, तर्क एवं विचारधारा इत्यादि आते हैं। परिमाणात्मक विकास के अन्तर्गत लम्बाई में वृद्धि, भार में वृद्धि इत्यादि आते हैं। बच्चों का विकास व्यवस्थित रूप से होता है परन्तु स्वाभाविक रूप से वैयक्तिक होता है।

50. विकास के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) विकास पूर्ण रूप से केवल आनुवंशिकता का ही परिणाम है।
(b) विकास का क्रम विशिष्ट से सामान्य की ओर होता है।
(c) विकास बाहर से केंद्र की ओर होता है।
(d) विकास सिर से पाँव की ओर बढ़ता है।

CTET (I-V) 11/01/2023 (Shift-I)

Ans. (d) विकास के संदर्भ में विकास सिर से पाँव की ओर बढ़ता है। बाल विकास दो दिशाओं में होता है-

1. **मस्तिष्काधोमुखी-** यह प्रदर्शित करता है, कि विकास अधोमुखी / लम्बवत दिशा में अर्थात सिर से पाँव की दिशा की ओर बढ़ता है। उदाहरण –एक बच्चा चलना शुरु करने से पहले सिर पर नियंत्रण हासिल करता है।
2. **समीपूदाभिमुख-** यह प्रदर्शित करता है, कि विकास निकट से दूर की ओर अर्थात शरीर के केंद्र से परिधीय की ओर होता है।

उदाहरण- एक बच्चा अंगुलियों के इस्तेमाल से पहले कंधे का उपयोग करने लगता है।

51. विकास का शीर्षगामी सिद्धान्त क्या सुझाता है?

(a) विकास केन्द्र से बाहर की ओर होता है।
(b) विकास सिर से पैर की ओर होता है।
(c) सभी व्यक्तियों में समान दर से होता है।
(d) प्रकृति और वातावरण की मिश्रित क्रिया का परिणाम है।

CTET (I-V) 17/01/2023 (Shift-I)

Ans. (b) सिफेलोकाउडल सिद्धान्त या विकास का शीर्षगामी सिद्धान्त यह दर्शाता है कि वृद्धि और विकास एक स्वरूप का पालन करते हैं जो सिर से शुरू होता है फिर शरीर के बाकी हिस्सों (सिर से पैर की ओर) तक बढ़ता है।